# यू.के.पी.सी.एस. मुख्य परीक्षा 2024
## ( सामान्य अध्ययन प्रश्न पत्र-I )
# UKPCS Mains 2024
## (GS Paper-I)

2025

# सामान्य अध्ययन – I

## (भारतीय विरासत और संस्कृति, विश्व का इतिहास एवं भूगोल और समाज)

# General Studies – I

## (Indian Heritage and Culture, History and Geography of the World and Society)

[ पूर्णांक : 200

निर्धारित समय : 3 घण्टे] [Maximum Marks : 200

*Time allowed : 3 Hours]*

भाग – I / Part – I

**नोट :** इस भाग में कुल 05 प्रश्न (प्रश्न संख्या–01 से 05 तक) हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए 04 अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न के उत्तर हेतु अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द है ।

**Note :** This part contains 05 questions (Question number–01 to 05). All questions are compulsory. Each question carries 04 marks. The word limit for each question is 50 words.

1. हड़प्पा सभ्यता की कला एवं वास्तुकला की विशेषतायें बताइए । (शब्द सीमा : 50 शब्द) 04

   Explain the characteristics of the art and architecture of the Harappan Civilization. (Word Limit : 50 Words)

2. त्रिपिटक पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । (शब्द सीमा : 50 शब्द) 04

   Write a brief note on the Tripitaka. (Word Limit : 50 Words)

3. द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में आये बदलावों का विश्लेषण करें । (शब्द सीमा : 50 शब्द) 04

   Analyse the changes occurred in the international politics after the Second World War. (Word Limit : 50 Words)

4. "प्रशांत अग्नि वलय (पैसिफिक रिंग ऑफ फायर)" से आप क्या समझते हैं ? (शब्द सीमा : 50 शब्द) 04

   What do you understand by "Pacific Ring of Fire" ? (Word Limit : 50 Words)

[P.T.O.

5. 'धर्मनिरपेक्षता' से आप क्या समझते हैं ? 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द कब और क्यों भारत के संविधान की प्रस्तावना में जोड़ा गया ? (शब्द सीमा : 50 शब्द) 04

What do you understand by 'Secularism' ? When and why the term 'Secular' was added in the Preamble of Indian Constitution ? (Word Limit : 50 Words)

## भाग – 2 / Part – 2

नोट : इस भाग में कुल 10 प्रश्न (प्रश्न संख्या–06 से 15 तक) हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए 08 अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न के उत्तर हेतु अधिकतम शब्द सीमा 100 शब्द है ।

Note : This part contains 10 questions (Question number–06 to 15). All questions are compulsory. Each question carries 08 marks. The word limit for each question is 100 words.

6. गांधार कला शैली में ग्रीको–रोमन और आत्मा में भारतीय थी । विवेचना कीजिए । (शब्द सीमा : 100 शब्द) 08

Gandhara Art was Greeco-Roman in style and Indian in spirit. Discuss. (Word Limit : 100 Words)

7. ताजमहल को एक उदाहरण के रूप में लेते हुए हिन्द-इस्लामिक कला की प्रमुख विशेषताओं को निरूपित कीजिए । (शब्द सीमा : 100 शब्द) 08

Taking Taj Mahal as an example delineate the main features of Indo-Islamic art. (Word Limit : 100 Words)

8. बाल गंगाधर तिलक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को संक्षेप में लिखें । (शब्द सीमा : 100 शब्द) 08

Write briefly about the contribution of Bal Gangadhar Tilak in the Indian Freedom Struggle. (Word Limit : 100 Words)

9. स्वदेशी आंदोलन के प्रभावों एवं सीमाओं की आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए । (शब्द सीमा : 100 शब्द) 08

Critically analyse the impacts and limitations of the Swadeshi Movement. (Word Limit : 100 Words)

10. औद्योगिक क्रांति सर्वप्रथम ब्रिटेन में क्यों उत्पन्न हुई ? (शब्द सीमा : 100 शब्द) 08

Why did the Industrial Revolution first originated in Britain ? (Word Limit : 100 Words)

11. सुनामी के प्रमुख कारण क्या हैं और इसके प्रभाव को कैसे कम किया जा सकता है ? (शब्द सीमा : 100 शब्द) 08

What are the major causes of Tsunami and how can their impact be reduced ? (Word Limit : 100 Words)

12. विश्व के प्रमुख लौह-अयस्क उत्पादक क्षेत्रों का विवरण दीजिए तथा इसके उत्पादन और निर्यात में योगदान देने वाले प्रमुख देशों का उल्लेख कीजिए। **(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08**

Give an account of the major iron-ore producing regions of the world and mention the key countries contributing to its production and export. **(Word Limit : 100 Words)**

13. भारत के संदर्भ में संसाधन उपयोग और रोज़गार सृजन में अर्थव्यवस्था के द्वितीयक क्षेत्र की भूमिका का विश्लेषण करें। **(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08**

Analyse the role of Secondary Sector of the economy in resource utilisation and employment generation with reference to India. **(Word Limit : 100 Words)**

14. समान नागरिक संहिता, उत्तराखण्ड नियम-2025 के उत्तराखण्ड की महिलाओं की प्रस्थिति एवं भूमिका में पड़ने वाले अपेक्षित प्रभावों की विवेचना कीजिए। **(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08**

Discuss about the expected impacts of Uniform Civil Code, Uttarakhand Rules-2025 on the Status and Role of women in Uttarakhand. **(Word Limit : 100 Words)**

15. भारत के आर्थिक विकास में प्रमुख बाधाएँ कौन सी हैं ? उनके निराकरण हेतु कुछ सुझाव दीजिए। **(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08**

Which are the main constraints in the economic development of India ? Suggest some measures to eradicate them. **(Word Limit : 100 Words)**

## भाग – 3 / Part – 3

**नोट :** इस भाग में कुल 10 प्रश्न (प्रश्न संख्या-16 से 25 तक) हैं। **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 10 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर हेतु अधिकतम शब्द सीमा 150 शब्द है।

**Note :** This part contains 10 questions (Question number-16 to 25). **All** questions are compulsory. Each question carries 10 marks. The word limit for each question is 150 words.

16. सल्तनत एवं मुगलयुगीन स्थापत्य कला की विभिन्नताओं को स्पष्ट कीजिए। **(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

Explain the differences between the Sultanate and the Mughal era architecture. **(Word Limit : 150 Words)**

17. भारत छोड़ो आंदोलन के कारणों, प्रकृति और परिणामों का विश्लेषण कीजिए। **(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

Analyse the causes, nature and effects of the Quit India Movement. **(Word Limit : 150 Words)**

18. 1857 के विद्रोह के कारणों, परिणामों व प्रकृति की आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए। **(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

Critically explain the causes, results and nature of the revolt of 1857. **(Word Limit : 150 Words)**

**[P.T.O.**

19. स्वतंत्रता के उपरांत भारतीय राज्यों के एकीकरण में सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान का मूल्यांकन कीजिए ।

(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10

Evaluate the role of Sardar Vallabhbhai Patel in the integration of Indian States after the independence.

(Word Limit : 150 Words)

20. विश्व के इतिहास में फ्रांसीसी क्रांति के महत्त्व का वर्णन कीजिए ।

(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10

Describe the importance of the French Revolution in the history of World.

(Word Limit : 150 Words)

21. चीन में शंघाई औद्योगिक क्षेत्र के विकास में कौन से भौगोलिक कारक सहायक रहे हैं ? इसके प्रमुख उद्योगों और पर्यावरणीय चुनौतियों का उल्लेख करें ।

(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10

What geographical factors have contributed to the development of the Shanghai Industrial region in China ? Mention its major industries and environmental challenges.

(Word Limit : 150 Words)

22. दक्षिण एशिया में मानसून वनों की वनस्पतियों और जीव-जंतुओं पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों और परिणामों का विश्लेषण करें ।

(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10

Analyse the impacts and consequences of climate change on flora and fauna of the monsoon forests in South Asia.

(Word Limit : 150 Words)

23. बंगाल की खाड़ी में उष्णकटिबंधीय चक्रवातों की उत्पत्ति के कारणों की व्याख्या करें और भारत के पूर्वी तट पर उनके प्रभावों पर चर्चा करें ।

(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10

Explain the causes for the origin of tropical cyclones in the Bay of Bengal and discuss their impacts on the east coast of India.

(Word Limit : 150 Words)

24. भूमंडलीकरण को परिभाषित कीजिए तथा इसके भारतीय समाज व्यवस्था पर पड़ने वाले सांस्कृतिक प्रभावों को संक्षिप्त में समझाइए ।

(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10

Define Globalization and briefly explain its cultural impacts on Indian social system.

(Word Limit : 150 Words)

25. समकालीन भारत में सरकार द्वारा पिछड़े वर्गों के सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में किये जा रहे प्रयासों की संक्षिप्त विवेचना कीजिए ।

(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10

Discuss in brief the efforts being made by the Government for the social empowerment of backward classes in contemporary India.

(Word Limit : 150 Words)